सांई कॉलेज सेक्टर-6 में ओमेगा फाइनेंसियल का कैंपस प्लेसमेंट.. पांच छात्रों का हुआ चयन

by **SHREE KANCHAN PATH** — September 8, 2021 *in* durg-bhilai, Featured

Campus Placement of Omega Financial in Sai College Sector-6

464 VIEWS

Share on Whatsapp Share on Facebook

भिलाई। ओमेगा फाइनेंशियल ने 4 सितम्बर 2021 को साई कॉलेज, सेक्टर -6, भिलाई में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कई छात्रों ने भाग लिया और कंपनी द्वारा 5 छात्रों का चयन किया गया।

ओमेगा फाइनेंसियल एक वित्तीय सलाहकार एवं निवेश के लिए एक जानी मानी कंपनी है जो 11 वर्षों से अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है । कैंपस प्लेसमेंट की प्रक्रिया 5 चरणों में हुई , जिसमे सबसे पहले कंपनी ने अपना परिचय सत्र रखा और छात्रों का एक्सटेम्पोर लिया जिसमे उन्हें 2 मिनट के लिए किसी दिए गए टॉपिक पर बोलना था जिसमे कंपनी ने छात्रों की कम्युनिकेशन स्किल्स की परख की , जो ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित किया गया।

चयनित छात्रों के लिए भिलाई शाखा में आगे की भर्ती प्रक्रिया आयोजित किया गया जिसमे 5 उम्मीदवारों ने सभी राउंड में सफलता हासिल की और उन्हें स्थान दिया गया।ओमेगा फाइनेंशियल में चयनित उम्मीदवार- सौरभ कुमार सिंह, इक्विटी डीलर, विकास श्रीवास्तव, – व्यवसाय विकास कार्यकारी, शकेश कुमार कंवर, – व्यवसाय विकास कार्यकारी , स्वप्निल सिन्हा- व्यवसाय विकास कार्यकारी, हर्ष साहू- व्यवसाय विकास कार्यकारी पद के लिए चयनित किय गए। सभी चयनित छात्रों को साई कॉलेज के डायरेक्टर हरमीत सचदेव, प्राचार्य डॉ डी बी तिवारी एवं डिप्टी डायरेक्टर डॉ ममता सिंह ने बधाई दि और कहा आगे भी निरंतर इस प्रकार की प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन छात्रों के लिए किया जायेगा। इस चयन प्रक्रिया को सफल बनाने में धीरेन्द्र पराते एवं श्रद्धा नामदेव, प्रशिक्षण एवं नियुक्ति प्रकोष्ठ, साईं कॉलेज ने महत्वपूर्ण भूमिका रही।

Related Posts

FEATURED

पुतिन के देश में छा गए भारतीय उत्पाद, चावल-काली मिर्च से लेकर आलू समेत दर्जनों वस्तुएं होंगी निर्यात

April 1, 2022

CHHATTISGARH

एनटीपीसी का शानदार प्रदर्शन: 38 साल पुरानी कोरबा यूनिट-3 ने हासिल किया 101 प्रतिशत से अधिक वार्षिक पीएलएफ

April 1, 2022

CHHATTISGARH

जन-जन तक कृषि उपज व सेवाओं का लाभ पहुंचाने को प्रतिबद्ध है एफसीआई: जीएम

April 1, 2022

Ro. No. – 11734/31

Editor

Rajesh Agrawal

Address

Shop No.-17, Press Parisar, Akashganga, Supela, Bhilai, Distt.-Durg, Chhattisgarh – 490023, Mo.-9303289950
Email.-shreekanchanpath2010@gmail.com

श्रीकंचनपथ Online

पुतिन के देश में छा गए भारतीय उत्पाद, चावल-काली मिर्च से लेकर आलू समेत दर्जनों वस्तुएं होंगी निर्यात

April 1, 2022

एनटीपीसी का शानदार प्रदर्शन: 38 साल पुरानी कोरबा यूनिट-3 ने हासिल किया 101 प्रतिशत से अधिक वार्षिक पीएलएफ

April 1, 2022

जन-जन तक कृषि उपज व सेवाओं का लाभ पहुंचाने को प्रतिबद्ध है एफसीआई: जीएम

April 1, 2022